केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित
(पूर्व में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, मानित विश्वविद्यालय
शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन)
56-57, सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058

Central Sanskrit University
Established by an Act of Parliament
(Formerly Rashtriya Sanskrit Sansthan, Deemed to be University
Under Ministry of Education, Govt. of India)
56-57, Institutional Area, Janakpuri, New Delhi-110058

**क्र.सं.-8-1/के०सं०वि०/समर्थ प्रवेश/2025/1066 विषयक शुद्धि पत्र**

क्र.सं.-8-1/के०सं०वि०/समर्थ प्रवेश/2025/1078 — दिनांक – 11.09.2025

सेवा में,

निदेशक,
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,
सभी संबंधित परिसर।

विषय :- सत्र 2025-26 हेतु शिक्षाशास्त्री प्रथमवर्ष की पाँच राउंड की प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न होने के पश्चात श्रेणीवार रिक्त स्थानों पर परिसर स्तर पर सद्य प्रवेश (On the Spot admission) प्रक्रिया संपन्न कराए जाने के संबंध में।

महोदया/महोदय,

पूर्व अधिसूचना पत्रांक 8-1/CSU/Acd/SA/2025/1056 दिनांक 09.09.2024 के क्रम में सूचित है कि विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2025-26 के लिए शिक्षाशास्त्री प्रथमवर्ष की पाँच राउंड की प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न किए जाने के पश्चात भी कतिपय परिसरों में श्रेणीवार रिक्त स्थान शेष हैं। इन रिक्त स्थानों पर नियमानुसार सद्य प्रवेश (On the Spot) प्रक्रिया परिसर स्तर पर संपन्न कराई जानी है। इस संबंध में निर्देश इस प्रकार हैं –

1. सभी सम्बन्धित परिसर निदेशक यह सुनिश्चित करें कि श्रेणीवार रिक्त स्थानों की सूचना एवं प्रवेश संबंधी विवरण दिनांक 11.09.2025 को शाम 05:00 बजे तक तक अनिवार्यतया अपने परिसर की वेबसाइट पर अपडेट हो जाएं।
2. परिसरीय प्रवेश समिति दिनांक 15.09.2025 प्रातः 10:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक सद्य प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करेगी तथा उसी दिन अपराह्न 02:00 बजे से उनकी मेरिट के आधार पर प्रवेश हेतु आमंत्रण देगी। इस प्रक्रिया में प्रथम से पंचम राउंड की प्रवेश प्रक्रिया में वंचित रहे पात्र छात्रों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।
3. सद्य प्रवेश प्रक्रिया परिसर स्तर पर दि. 15.09.2025 को प्रातः10:00 से 16.09.2025 सायं 6:00 बजे तक संपन्न होगी।
4. जिन छात्रों का चयन प्रथम से पंचम राउंड की प्रवेश प्रक्रिया में हुआ था तथा किसी कारण से प्रवेश से वंचित रह गए हों ऐसे छात्र भी इस प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं। नए इच्छुक छात्र भी नियमानुसार पात्रता एवं योग्यता के आधार पर सम्मिलित किए जा सकेंगे।
5. इच्छुक अभ्यर्थियों को दि. 15.09.2025 प्रातः 10:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक परिसर में अनिवार्यतया उपस्थित होना होगा।
6. यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रवेश प्रक्रिया नियमों के अनुरूप, पारदर्शी एवं निर्विवाद रूप से संपन्न हो। किसी भी प्रकार की शंका या आपत्ति की स्थिति से न बने इसलिए पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए।

प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न होने के उपरांत, श्रेणीवार भरे गए एवं रिक्त शेष स्थानों की रिपोर्ट विश्वविद्यालय को प्रेषित की जाए। आपसे निवेदन है कि कि उपर्युक्त कार्यवाही समयबद्ध एवं नियमानुसार सुनिश्चित करें।

सादर,

भवदीय

(प्रो. मदन मोहन झा)
अधिष्ठाता, शैक्षिक वृत्त

प्रतिलिपि-

1- कुलपति कार्यालय, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
2- कुलसचिव कार्यालय, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
3- परीक्षा नियन्त्रक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
4- निदेशक, समस्त सम्बधित परिसर
5- अधिष्ठाता, शिक्षाशास्त्र
6- विद्याशाखाध्यक्ष, शिक्षाशास्त्र